दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 132 मुरादाबाद 07 September 2022 (Wednesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## योगी कैबिनेट ने कई नगर पालिकाओं के विस्तार पर लगाई मुहर, 5 बार MLA रहे अरविंद गिरी का चलती गाड़ी में हार्ट अटैक से निधन



लखनऊ स्थित लोकभवन में मंगलवार को योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट मीटिंग हुई। इस बैठक में 15 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लग गई। नगर विकास के 12 प्रस्ताव पास हुए, 4 नए नगर पंचायत को मंजूरी मिली है। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी के गोला से पांच बार विधायक रहे अरविंद गिरी का आकस्मिक निधन हो गया।

मंगलवार की सुबह विधायक लखीमपुर खीरी जिले के गोला से लखनऊ के लिए मीटिंग में निकले थे। सिधौली के पास चलती गाड़ी में उन्हें हार्ट अटैक आ गया। इसके बाद इलाज के लिए उन्हें लखनऊ के हिन्द हॉस्पिटल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने भाजपा विधायक अरविंद गिरी को मृत घोषित कर दिया। राजधानी लखनऊ के होटल लेवाना सूईट में अग्निकांड में सोमवार को 4 लोगों की जान चली गई। इसके बाद होटल लेवाना सुइट्स को सील करने के निर्देश दिए गए। जल्द ही इसे ध्वस्त करने की कार्रवाई भी की जाएगी। कहा जा रहा है कि जल्द ही होटल की बिल्डिंग पर बुल्डोजर चलेगा। दरअसल, इस होटल का निर्माण बिना नक्शा पास कराए किया गया था। लेवाना सूईट के साथ ही लखनऊ के अन्य अवैध होटल भी मंगलवार से सील किए जाएंगे। कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने एलडीए को विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए लेवाना को ध्वस्त करने का निर्देश दिया है। यूपी में छोटे उद्योग लगाने वालों को और अधिक सुविधाएं देने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार मंगलवार को नई एमएसएमई नीति को मंजूरी दे सकती है। सीएम योगी की अध्यक्षता में मंगलवार को 11 बजे कैबिनेट की बैठक प्रस्तावित है।उत्तर प्रदेश के खीमपुर खीरी के गोला से पांच बार विधायक रहे अरविंद गिरी का आकस्मिक निधन हो गया। मंगलवार की सुबह विधायक लखीमपुर खीरी जिले के गोला से लखनऊ के लिए मीटिंग में निकले थे। सिधौली के पास चलती गाड़ी में उन्हें हार्ट अटैक आ गया।

## RCP सिंह के नाम से भड़के नीतीश- किसका नाम लेते हैं, क्या हैसियत है, BJP के अंदर चले गए थे



बिहार का मुख्यमंत्री और जदयू के सर्वे सर्वा नीतीश कुमार दिल्ली में पूर्व केंद्रीय मंत्री और अपने पुराने साथी आरसीपी सिंह का नाम सुनते ही खफा हो गए। नाराज नीतीश कुमार ने यहां तक कह दिया क्योंकि उस आदमी का नाम लेते हैं उसकी चर्चा छोड़िए उन्होंने कहा कि जिस आदमी को मैं राजनीति में लेकर आया और पार्टी में पद दिया उसी ने विरोधी दलों के साथ मिलकर मेरे खिलाफ साजिश किया उस आदमी का नाम आप लोग क्यों लेते है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि पूर्व केंद्रीय आरसीपी सिंह पूरी तरह भाजपा के हाथ में चले गए थे। उन्होंने कहा कि आरसीपी सिंह की हैसियत क्या है? उन्हें हमने पार्टी से निकाल दिया है। उन्होंने मीडिया से कहा कि आप लोगों को उनके संबंध में सवाल भी नहीं करना चाहिए। उन्हें हमने अपना सचिव बनाया था और बाद में राजनीति में भी लाया। वह जदयू को नुकसान करने में लगे हुए थे। आरसीपी सिंह बोले- नीतीश का बिहार में मन नहीं लग रहा, सोच लें आरजेडी 2024 में कितनी सीट देगी दरअसल, नीतीश कुमार मिशन 2024 को लेकर तीन दिवसीय यात्रा पर दिल्ली में है और विपक्षी दलों के नेताओं से मुलाकात कर उन्हें एकजुट करने में लगे हैं। इसी दौरान मीडिया कर्मियों ने आरसीपी सिंह के एक बयान को लेकर नीतीश कुमार से सवाल किया। जवाब में नीतीश कुमार ने आरसीपी की हैसियत तक बता दिया।मंगलवार को आरसीपी सिंह ने नीतीश कुमार के दिल्ली दौरे को लेकर बयानबाजी की। उनका मन नहीं लग रहा है, इसलिए दिल्ली जाने की तैयारी में है। लेकिन वह सोच लें कि आगामी लोकसभा चुनाव में महागठबंधन में उन्हें कितनी सीटें मिलेगी? आरजेडी जदयू को कितनी सीटें देगी? आरसीपी सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार पर उम्र हावी हो गई है। इसलिए वे असंयमित भाषा बोल रहे हैं। नीतीश कुमार को सिर्फ दरबारी कल्चर पसंद है। बीजेपी का नीतीश-तेजस्वी को चैलेंज- मोकामा उपचुनाव जीतेंगे, 2024 में ललन सिंह को मुंगेर में भी हराएंगे आरसीपी सिंह ने नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए यहां तक कह दिया कि बिहार में सुखाड़ से किसान परेशान हैं और मुख्यमंत्री दिल्ली घूम रहे हैं। उनके इसी बयान को लेकर पत्रकारों ने नीतीश कुमार से सवाल पूछा था।

## प्रयागराज में भरभराकर गिरी जर्जर इमारत, हलवाई समेत 4 लोगों की मौत, सीएम योगी ने जताया दुख



प्रयागराज में मंगलवार की दोपहर बड़ा हादसा हो गया। एक जर्जर मकान का बारजा भरभराकर गिरने से हलवाई समेत चार लोगों की मौत हो गई। छह लोग घायल हैं। धमाके के साथ गिरे मकान से उठे धूल के गुबार से पूरे इलाके में अफरातफरी मच गई। आसपास के लोग भाग खड़े हुए। कुछ देर में ही पुलिस और प्रशासन को घटना की जानकारी हुई तो आला अफसर भी मौके पर पहुंचे।सीएम योगी ने हादसे पर दुख जताते हुए अधिकारियों को बचाव और राहत कार्य तेजी से करने के निर्देश दिये हैं। डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने भी हादसे पर दुख जताते हुए पीड़ितों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये देने की घोषणा की है। घायलों का मुफ्त इलाज भी होगा। घटना मुट्ठीगंज के हटिया इलाके में हुई है। अफसरों के अनुसार हटिया पुलिस चौकी के ठीक सामने एक जर्जर मकान का बारजा गिरा है। हलवाई समेत चार लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में सुशील कुमार गुप्ता ( 40 ) पुत्र विश्वनाथ गुप्ता, आर्य नगर मुट्ठीगंज, राजेंद्र पटेल ( 51 ), नीरज केसरवानी ( 32 ) पुत्र मोतीलाल केसरवानी निवासी पंचायती अखाड़ा मुट्ठीगंज शामिल हैं। एक व्यक्ति नाम पता नहीं चल सका है। डीएम संजय कुमार खत्री और एसएसपी शैलेश पांडे भी मौके पर पहुंचे। अपने सामने राहत और बचाव कार्य चलाया। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने भी हादसे पर दुख जताया और कहा कि बारिश के कारण गिरी जर्जर इमारत के हादसे में कई लोगों के हताहत होने की अत्यंत दुःखद सूचना प्राप्त हुई है! ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें! इसके साथ ही प्रदेश सरकार ने जिला प्रशासन को घायलों का निःशुल्क समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं। मृतकों को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

# जिलाधिकारी ने आपदा मित्रों को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-जनपद में जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के नेतृत्व में आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण को लगातार मजबूत किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जनपद से 182 आपदा मित्रों का दूसरा बैच प्रशिक्षण के लिए एस0डी0आर0एफ0 सेंटर/राज्य आपदा मोचन बल लखनऊ भेजा गया। बस में सवार आपदा मित्रों को अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा, विधायक रामफेरन पाण्डेय व जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह आपदा मित्र लखनऊ में 12 दिन का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। वहां पर इन्हें तैराकी समेत विभिन्न प्रकार की आपदाओं से निपटने का विधिवत प्रशिक्षण दिया जायेगा व इनकी दक्षता परीक्षा भी सम्पन्न की जायेगी। परीक्षा में पास होने वाले आपदा मित्रों को एस0डी0आर0एफ0 द्वारा प्रमाणपत्र व आई कार्ड दिया जायेगा। इन आपदा मित्रों को वहीं से एक किट दी जायेगी। जिसमें आपदा से निपटने के लिए सामग्री होगी। यह आपदा मित्र वहां से आकर जनपद में जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण के अन्तर्गत अपनी सेवायें देंगे। जिले में किसी भी आपदा की स्थिति में बचाव व राहत सामग्री वितरण में इनका सहयोग लिया जायेगा। आपदा विशेषज्ञ अरूण कुमार मिश्रा ने बताया है कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार एवं अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द के मार्गदर्शन में लगातार आपदा मित्रों का प्रशिक्षण कराया जा रहा है। इस बैच से पहले 248 आपदा मित्र प्रशिक्षण प्राप्त कर जनपद में आ चुके है। जिनके द्वारा जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया जा रहा है। इस बैच में 182 आपदा मित्र प्रशिक्षण के लिए रवाना हुए है, इनके वापस आने के बाद और आपदा मित्र प्रशिक्षण के लिए भेजे जायेंगे। आपदा मित्रों को भेजने में ए0आर0एम0 बहराइच प्रेम कुमार का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर आपदा सलाहकार मोहम्मद गफ्फार हुमायूं व एसडीआरएफ से श्रवण कुमार यादव मौजूद रहे।

# खो खो प्रतियोगिता में श्रावस्ती बालक-बालिका जूनियर टीम रही विजेता




लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशानुसार अलक्षेन्द्र इण्टर कालेज भिनगा के नेतृत्व में स्पोर्टस स्टेडियम भिनगा में मण्डल स्तरीय माध्यमिक/बेसिक विद्यालय बालक/बालिका, सबजूनियर एवं सीनियर खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें देवीपाटन मण्डल गोण्डा के अन्तर्गत जिला श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर एवं गोण्डा के बालक/बालिकाओं ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

इस कार्यक्रम के उद्घाटन के मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य जगतजीत इण्टर कालेज इकौना डा0 भूदेश्वर पाण्डेय एवं जिला क्रीडाधिकारी शिवकुमार यादव के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर सभी खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते हुए खेल का शुभारम्भ किया गया। प्रतियोगिता में श्रावस्ती की टीम बालक-बालिका जूनियर वर्ग में विजेता रही। बालक एवं बालिका सब जूनियर वर्ग में उपविजेता बहराइच की टीम रही तथा सीनियर बालक एवं बालिका वर्ग में उपविजेता गोण्डा की टीम रही।कार्यक्रम के समापन में मुख्य अतिथि सन्त प्रकाश जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा विजेता एंव उपविजेता खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में निर्णायक की मुख्य भूमिका में सुशील कुमार मिश्र, जिला क्रीडा सचिव श्रावस्ती रामपाल यादव, जिला क्रीडा सचिव बहराइच जगेसर सैनी, खो-खो स्टेडियम कोच आशीष कुमार अध्यापक, अलक्षेन्द्र इण्टर कालेज ने किया।कार्यक्रम के अन्त में ज्योति प्रकाश पाण्डेय प्रधानाचार्य अलक्षेन्द्र इण्टर कालेज भिनगा के द्वारा उपस्थित सभी अतिथि एवं क्रीडा सचिव एवं खेल प्रशिक्षण का आभार व्यक्त किया एवं इस प्रतियोगिता में ओवर आल चैम्पियन जिला श्रावस्ती की टीम को शुभकामनाएं एवंबधाई दी। इस अवसर पर पवन कुमार सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य नागरिक इण्टर कालेज अमवा, रामपाल यादव क्रीडा सचिव बहराइच आदि उपस्थित रहे।

## 2.5 लाख रुपए कीमत के नाजायज चरस साथ एक गिरफ्तार



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-प्रभारी निरीक्षक जीतेंद्र कुमार सिंह थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती मय हमराह टीम के क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि मुखबिर खास की सूचना पर गोबार मोड़ से अभियुक्त ननकऊ मौर्य पुत्र प्यारेलाल निवासी मदरहवा दाखिला चहलवा थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती को 250 ग्राम नाजायज चरस ( अनुमानित कीमत 2.5 लाख रुपए ) के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 487/2022 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया ।

# जिले के 134 स्कूलों की बाउंड्रीवाल का निर्माण शुरू

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - शिक्षक दिवस पर कायाकल्प और मनरेगा के तहत जिले में 134 स्कूलों में चारदीवारी बनाने के लिए सोमवार को कार्य का शुभारंभ हो शिक्षक दिवस पर कायाकल्प और मनरेगा के तहत जिले में 134 स्कूलों में चारदीवारी बनाने के लिए सोमवार को कार्य का शुभारंभ हो गया। कार्यक्रम में डीएम ने कहा कि मनरेगा योजना के तहत इस महाअभियान में जिले के ब्लॉकों में भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा विभाग से संचालित 134 ऐसे विद्यालयों में चारदीवारी नहीं बनी थी। अब इन स्कूलों में चारदीवारी बन जाएगी। इसमें ब्लॉक अलीगंज में 31 विद्यालयों, जैथरा में 26 विद्यालयों, सकीट में 19 विद्यालयों, शीतलपुर में 11 विद्यालयों, निधौलीकलां में 15 विद्यालयों, मारहरा में 06 विद्यालयों, अवागढ़ में 11 विद्यालयों, जलेसर में 15 विद्यालयों की चारदीवारी का निर्माण कार्य शुरू किया गया।

# डेंगू पीड़ित युवक के गांव में स्वास्थ्य टीम ने किया उपचार



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - ब्लॉक सकीट क्षेत्र के गांव खुशालगढ़ में शनिवार को युवक के डेंगू से संक्रमित मिलने के बाद रविवार को स्वास्थ्य टीम पहुंची। यहां पर 25 लोगों की ओपीडी कर दवाएं दी गईं। साथ ही गांव में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव भी कराया गया। गांव में बीमार लोगों की ओपीडी रविवार को 25 रही है। इनमें कोई भी गंभीर मरीज नहीं था, सामान्य बीमारियों की दवाएं दी गई हैं। डेंगू पीड़ित युवक का रविवार को भी सैंपल लिया गया है, इसकी एलाइजा जांच कराई जाएगी ताकि डेंगू की पुष्टि हो सके। गांव में शनिवार को डेंगू लार्वा मिलने के बाद नालियों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया गया है। ग्रामीणों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करके मच्छरदानी में सोने की सलाह दी गई है।

# शहर में अतिक्रमण तोड़ने को लगे लाल निशानों से हड़कंप

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - शहर में सड़कों और फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए तैयारियां शुरू कर दीं। नगर पालिका और लोक निर्माण विभाग को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। दोनों शहर में सड़कों और फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए तैयारियां शुरू कर दीं। नगर पालिका और लोक निर्माण विभाग को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। दोनों विभागों ने अतिक्रमण को चिन्हित कर लाल निशान लगा दिए हैं। इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया है। सोमवार को नगर पालिका कर अधीक्षक/अतिक्रमण प्रभारी मुन्नालाल ने बताया कि शहर की मुख्य एवं सभी सहायक मार्गों को अतिक्रमण मुक्त किए जाने के लिए अविलंब अभियान शुरू किया जाना है। इससे पहले शहर की सभी मार्गों की नाले, नालियों एवं फुटपाथों पर बने अतिक्रमण को लाल रंग से चिह्नित कराया जा रहा है।

# धूमधाम से निकली गणेश विसर्जन यात्रा



प्रद्युम्न कटियार
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

कानपुर/बिल्हौर- गणपति बप्पा की विसर्जन यात्रा मंगलवार को नगर में धूमधाम के साथ निकाली गईं, खूब अबीर गुलाल उड़ा और पुष्पवर्षा हुई, भगवान गणेश की प्रतिमाओं की विसर्जन यात्राएं मंगलवार को निकलीं, कई जगह हवन यज्ञ आयोजित हुआ इसके बाद बैंडबाजों के साथ रथ पर सवार होकर गणेश भगवान को विसर्जन के लिए ले जाया गया,

इस दौरान जाम में फंसी एम्बुलेंस को पुलिस प्रसासन के सहयोग से पास कराया गया सूत्र।

## मैनाठेर में एक मीटिंग की जिसमे वक्ताओं ने एआईएमआईएम पार्टी की नीतियां बताई



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- उत्तर परदेश जनपत मुरादाबाद महानगर अध्यक्ष हाजी वकी रशीद एडवोकेट, जिलापंचायत सदस्य रईस मलिक, आमिल एडवोकेट, प्रदेश महासचिव यूथ अहतशाम मंसूरी, सैय्यद तारिक़ अनवर, सलीम खान, अबरार सैफ़ी, दाऊद मलिक, वसीम सिद्दीकी,संभावित प्रतियाशी हाजी इसरार अंसारी, सैय्यद वहाजुद्दीन, सलीम वारसी,नसीम सैफ़ी,क़ासिम अंसारी,फ़िरोज़ खान, के साथ मुरादाबाद महानगर के वार्ड 11 मैनाठेर में एक मीटिंग की जिसमे वक्ताओं ने एआईएमआईएम पार्टी की नीतियां बताई एवं बैरिस्टर ओवैसी साहब एवं प्रदेश अध्यक्ष जनाब शौकत अली साहब के पैगाम को आम जन तक पहुँचाया और जनाब मुहम्मद आलम को महानगर सयुक्त सचिव, और फैसल मलिक को वार्ड अध्यक्ष 11का मनोयन पत्र महानगर अध्यक्ष हाजी वकी रशीद ने दिया। मीटिंग का आयोजन वार्ड 11 से संभावित प्रतियाशी इरशाद मलिक ने किया।इस मौके पर सलीम सलमानी, फैसल मलिक, रज़ा सैफ़ी, दिलशाद मलिक, रियाजुद्दीन, शानेआलम, अब्दुल कादिर सिद्दीकी, रहमान बेग, फहीम सैफ़ी, आदि लोग मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक सम्पन्न

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- कलेक्टेट सभागार में जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु के संबंध में बैठक आहूत हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित सरकारी व गैर सरकारी सदस्य एवं भूतपूर्व सैनिकों एवं उनकी विधवाओं का अभिवादन किया तथा पूर्व सैनिकों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुनकर यथोचित निस्तारण के निर्देश दिये। बैठक में रिटायर्ड सार्जेन्ट ए0के0 पाठक ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि सी0एस0डी0 कैन्टीन बहुत छोटी है जिसमें सामान लेने के लिए सुबह 5:00 बजे से लाइन में लगना पडता है, इस



परिपेक्ष में जिलाधिकारी ने तत्काल संबंधित अधिकारी को समस्या का निदान करने हेतु निर्देश दिये। पूर्व सैनिक हवलदार कुलदीप सिंह ने शस्त्र लाईसेंस के पंजीकरण के संबंध में प्रार्थना पत्र प्रेषित किया, जिस पर जिलाधिकारी ने शस्त्र लिपिक को इस प्रकरण पर कार्यवाही किए जाने हेतु दिशानिर्देश दिए। पूर्व सैनिक सुबेदार मेजर बलवीर सिंह ने जिलाधिकारी के समक्ष पेंशन अकाउंट को डी0एस0पी0 अकाउंट में बदली किए जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रेषित किया

## लंपी वायरस से मुकाबले को जिले में वैक्सीनेशन को मिली दो मोबाइल वैन



बाइस दिन में अब तक सात ब्लाक में लगाई जा चुकी 12500 गोट पॉक्स मशीन 137 गौवंश अब तक हो चुके संक्रमित, आज तक 29 का चल रहा उपचार मुरादाबाद-लंपी वायरस के संक्रमण से जिले के सात ब्लाक में अब तक साढ़े बारह हजार गौवंश को गोट पॉक्स वैक्सीन लगाई जा चुकी है। वैक्सीनेशन की रफ्तार को बढ़ाने पर संक्रमण से तेजी से बचाव को शासन से जिले को सुविधाओं से लैस दो मोबाइल वैन मिली है,

जिसको मंगलवार डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट से हरी झंडी दिखा रवाना किया। बरेली, मेरठ के साथ वेस्ट यूपी के जिला मुरादाबाद में भी लंपी वायरस से संक्रमित डेढ़ सौ से अधिक गौवंश मिले हैं। जिनमें से एक सौ पंद्रह के करीब संक्रमित ठीक हो चुके है। करीब 20 से 25 गौवंश का उपचार चल रहा है। वहीं दूसरी ओर संक्रमण से और गौवंशों को बचाने के लिए विभाग की ओर से गोट पॉक्स वैक्सीन लगवाई जा रही है जिससे लंपी वायरस पर अंकुश लग सके। संक्रमण की रफ्तार को कम करने के लिए शासन से संक्रमण प्रभावित जिलों को दो दो मोबाइल वैन दी हैं। मंगलवार को इन्हीं दो मोबाइल वैन को कलेक्ट्रेट से डीएम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर ट्रेनी आईएएस, सीवीओ डा. अनिल कंसल संग तमाम पशु चिकित्साधिकारी मौजूद रहे।

## अवंतिका कॉलोनी डबल स्टोरी में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गणेश महोत्सव दी गणपति बप्पा को विदाई



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद के अवंतिका कॉलोनी डबल स्टोरी में मनाया गया गणेश महोत्सव जहां सुबह 7-00 बजे की गई महाआरती वही विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया दरअसल सभी श्रद्धालुओं ने अवंतिका कॉलोनी से हो कर गणेश मूर्ति विसर्जन करने के लिए रामगंगा घाट पहुंचे वही सभी श्रद्धालुओं ने मिलकर लगाए जय कारे कहां की गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ,

इस दौरान अवंतिका कॉलोनी से सुंदर-सुंदर झांकियां के साथ गणेश प्रतिमा विसर्जन की निकाली शोभा यात्रा उड़ाया रंग गुलाल इसके साथ ही गणेश भगवान के भजनों पर खूब झूमे श्रद्धालु वही इस कार्यक्रम में अर्चना यादव, गुड़िया यादव ,नरेंद्र सिंह ,राजन, बबली, पूजा आदि सभी श्रद्धालु मौजूद रहे

## कुंदरकी क्षेत्र में घर के बंद कमरे में संदिग्ध परिस्थिति में शव मिलने से हड़कंप



मुरादाबाद-कुंदरकी द्य नगर के मोहल्ला सादात पश्चिमी कर्बला के पास में बंद घर में शाकिर पुत्र अब्दुल वाहिद का सड़ा-गला शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटनास्थल पर पुलिस ने पहुंचकर घर को सील कर फॉरेन्सिक टीम ने पहुंचकर सबूत एकत्र किए हैं। घटनास्थल पर सीओ बिलारी गणेश कुमार गुप्ता ने पहुंचकर मौका मुआयना किया। पुलिस पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक ने अपने पीछे छह बच्चों को रोता-बिलखता छोड़ गया। पत्नी सलमा का रो-रोकर बुरा हाल है।

## इंडस कंपनी पर हत्या व मानव शोषण का आरोप,ऑर्गनाइजेशन ऑफ शाहीन ए हिन्द ने सीबीआई से जांच कराने की मांग

नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- भोजपुर ऑर्गनाइजेशन ऑफ शाहीन ए हिन्द के अध्यक्ष मोहसिन अंसारी ने जनहित में आला अधिकारियों को पत्र भेजकर कहा है कि नगर पंचायत भोजपुर धरमपुर के मोहल्ला बड़ी मंडी गांधी आश्रम के निकट स्थित इंडस कंपनी के लगे हुए मोबाइल टावर जिससे विभिन्न नेटवर्क कंपनियों के नेटवर्क सिस्टम लगे हुए हैं उपरोक्त नेटवर्क साइट पर संचालक तथा स्टाफ द्वारा दिनांक 12 अगस्त को नेटवर्क साइट पर कोई विद्युत समस्या हो गई थी जिसको सुचारू करने के लिए संचालक तथा अन्य स्टाफ ने इंडस कंपनी के आदेश पर जानबूझकर या अनजाने में अकुशल मजदूर व्यक्ति को पैसे का लालच देकर बिना शाट डाउन लिए 15 फिट ऊँचे लोहे के विद्युत पोल पर चढ़ा दिया जिससे उस व्यक्ति को करंट लग गया और उस व्यक्ति की मौत हो गई।जबकि विद्युत नियमों के अनुसार एक कुशल लाइसेंस प्राप्त विद्युत तकनीशियन ही विद्युत संबंधित समस्याओं का रखरखाव और मरम्मत का कार्य कर सकता है

इस घटना से नेटवर्क प्रदाता कंपनी और नेटवर्क टावर कंपनी साइट स्टाफ तथा संचालक बिल्कुल अंजान बने हुए हैं जानकारी करने पर पता चला है कि टेक्निकल व्यक्ति की ही नियुक्ति की जाती है लेकिन इंडस कंपनी के अधिकारी टेक्निकल व्यकि के स्थान पर प्राइवेट मजदूरों को रखकर काम कराते हैं। इंडस कंपनी मानव शोषण कर रही है और शासकीय मनको की अवहेलना कर रही है, इंडस कंपनी द्वारा इस प्रकरण की अभीतक जांच नहीं कराई गई है इससे स्पष्ट होता है कि इंडस कंपनी मैं एक आम इंसान की जान की कोई वैल्यू नहीं है। मुझे आशंका है कि उपरोक्त साइट पर स्टाफ तथा कंपनी के अधिकारियों ने जानबूझकर मजदूर व्यक्ति को पोल पर चढ़ाकर मारने की साजिश रची थी। इस प्रकरण की जांच कराए जाना अति आवश्यक है ताकि भविष्य में ऐसी कोई घटना न घट सकें।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Liz Truss wins

After almost two months of waiting, Britain has found its new leader. Conservative or right-wing leader Liz Truss will be the country's new prime minister. Prime Minister Boris Johnson resigned on 7 July following a political crisis, but remained in office until a new prime minister was elected. Now Liz Truss will be sworn in as prime minister. The special thing is that Truss was in competition with Rishi Sunak. In a way, it was Sunak who started the rebellion against Johnson. Sunak was his finance minister, while Liz Truss was foreign minister. Truss was seen as relatively liberal, while Sunak was a bit more proactive about the election. This is the reason why outgoing Prime Minister Boris Johnson was also seen in support of Liz. Ultimately, Liz Truss left Sunak far behind in the party's election. In the last phase, Truss got 81,326 votes, while Sunak got 60,399 votes. No one is surprised at the results that have come. For the last fifteen days, it seemed almost certain that the truss had overtaken the competition. It is worth noting that the party's MPs had voted in favor of Sunak and his becoming the Prime Minister seemed at one time fixed, but the election started among the party representatives, then gradually Sunak's popularity dwindled and Liz Truss Came out strong. Sunak's defeat in the final stage is not a cause for despair. Liz is a good leader and more experienced. She has been successful in questioning Sunak's loyalty. Sunak is actually the son-in-law of Indian entrepreneur Narayana Murthy and his wife still does not pay taxes in the UK and besides Sunak is a green card holder, meaning he can go to work in the US if needed. When these things were publicized by the Truss, it had a great impact, but it is a matter of great pride that Rishi Sunak, a skilled financial advisor, has reached here. Well Sunak has enough time, he is just 42 years old now. If he continues in the service, his future in Britain is bright. His success will boost the morale of not only people of Indian origin, but also of all people of foreign origin in Britain. This victory of the more experienced British leader Liz Truss means a lot. She will become Britain's third female prime minister. Before him, two women have achieved this distinction. Margaret Thatcher was Prime Minister of the country for more than eleven years (1979–1990) and won three elections. After that Theresa May was prime minister for three years. Now the responsibility has fallen on the truss to make the party win in the next election. Britain today is going through many challenges on the internal and foreign fronts. Truss, who has reached the pinnacle of politics while struggling, has to carry forward the torch of building a new Britain. This new Britain, where there is room for even leaders like Rishi Sunak. The leaders of Indian descent who are eager to take political leadership in their respective countries should take a lesson. Your total allegiance to where you live should be ensured that no one gets the slightest chance to point a finger.

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# I was not born beautiful, learned makeup on YouTube and groomed myself

Known for her strong acting in many TV shows like Jamai Raja, Ek Hazaaron Me Meri Behna, actress Nia Sharma is currently seen as a contestant in dance reality show Jhalak Dikhhla Jaa 10. Known as not only acting but stylish actress of the industry for her looks, Nia Sharma has recently shared a special thing about her looks. 'I was not born beautiful' - there will be very few actresses in the industry who underestimate their beauty. But Nia Sharma, who is in the news for her bold style, has admitted that she was not born beautiful. No one has told him this, it is his own belief. Referring to this in an interview given to ETimes, the actress said that she was not born beautiful, but she herself worked very hard to do the grooming. Nia said, the journey of my life has not been easy. It was very difficult and different. How important it is to look good When I was faced with this reality, I worked a lot on myself. I invest every day of my life in grooming myself. I worked hard to groom myself I was not born beautiful. I used to cry seeing myself"Nia also mentioned in the interview that she did not know makeup at all. And whenever her makeup got spoiled she used to cry a lot. Nia further told how she groomed herself without anyone's help. Nia said that when she entered the industry, no matter how people used to do her makeup and I did not know makeup. When I used to look at myself, I used to cry a lot thinking why am I looking like this? Grooming myself after watching Youtube post makeup videos - Nia said further, but then I started grooming myself. I learned makeup by watching makeup videos with the help of YouTube. I then started doing my own makeup for the events, until stylists and different teams came to me for collaborations. After that I started getting offers for the collaboration of many stylists and makeup artists for makeup. Today, I have people texting me that they want to do my makeup and create a look for me. It fills my heart with joy when I get such offers. I just want to thank people for supporting me.



# Sunny Deol's 'Chup: Revenge Of The Artist' Trailer Released

Mumbai The trailer of Bollywood actor Sunny Deol's upcoming film 'Chup: Revenge of the Artist' has been released. The film 'Chup: Revenge of the Artist', directed by R Balki, is dedicated to Guru Dutt. The film stars Sunny Deol, Dulquer Salmaan, Shreya Dhanwantri and Pooja Bhatt in lead roles. Chup: Revenge of the Artist is a psychological thriller film. The trailer of this film has been released. It can be seen in the trailer that Sunny is




playing the role of a cop. Those who put their whole life to solve this murder case. 'Chup: Revenge of the Artist' will hit the theaters on September 23.

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# बड़े पैमाने पर हो रहा अतिक्रमण, ग्रामीणों के सामने झुका वन विभाग

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-सूरजपुर जिले के वनांचल क्षेत्र चांदनी बिहार पुर के ग्राम पंचायत पासल मे ग्रामीणों ने वन भूमि पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण करना चालू किया है। लगभग 3 दिन से जंगल की सफाया कर 40 से 50 नग हल से जुताई किया जा रहे हैं। 100 से अधिक लोगों ने पासल के वन भूमि पर अतिक्रमण का कार्य जोरों पर है। इसके बावजूद भी जंगल की भूमि पर शासन प्रशासन की ओर से कोई किसी प्रकार का सुरक्षा नहीं मिल रहा है जिसे प्लांटेशन का सफाया एवं वनों का बड़े पैमाने पर विनाश हो रहा है। अतिक्रमण की सूचना वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिया जा चुका है। सूचना के उपरांत आज मौके पर पहुंचे वन परीक्षेत्र बिहार पुर के स्टाफ ने ग्रामीणों के सामने घुटने टेकने पर मजबूर हो गए। और ग्रामीणों ने अतिक्रमण कर पासल के समस्त ग्रामीण बराबर बराबर हिस्से में बांटकर खेती करना चालू कर दिया है। और हल बैल से जुताई कर रहे हैं। वन परीक्षेत्र बिहार पुर के स्टाफ सहित दरोगा सिपाही मौके पर पहुंचे तो उनका कोई असर ग्रामीणों में नहीं हुआ। और ना ही वन विभाग के द्वारा किसी के ऊपर कारवाई किया गया। जिससे ग्रामीणों का मनोबल और ही बढ़ गया है। ज्ञात हो कि पिछले दिनों से ही पासल के ग्रामीणों ने इस गौशाला के चारागाह को पासल की जमीन पर बनने से अधिकारियों को दोषी ठहराया था। और चरागाह की भूमि को पूरी तरह से जोत कर फसल उगाने के लिए तैयार हो गए हैं। बिहार पुर वन परीक्षेत्र अधिकारियों के द्वारा घोर लापरवाही है। साथ में शासन प्रशासन की नजरें वनों की सुरक्षा की ओर आकर्षित नहीं रहने के कारण यह नतीजा हमें देखने को मिल रहा है। वन विभाग बिहार पुर की ओर से लाखों रुपए हर साल खर्चा कर पौधारोपण कार्य किया जाता है। वह सिर्फ कागजी पन्नों पर ही सीमित रहता है जिसमें ग्रामीणों ने अतिक्रमण कर उसे समाप्त कर देते हैं। एक तरफ वृक्षारोपण कार्य किया जाता है तो दूसरी तरफ उसी भूमि पर लोगों के द्वारा अतिक्रमण का कार्य किया जाता है फिर भी अतिक्रमणकारियों पर कार्यवाही नहीं होती है।

# देवरगांव और तरईगांव में गिरदावरी कार्यों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण




ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज सबेरे गौरेला विकासखंड के ग्राम देवरगांव पटवारी हल्का नंबर 14 और ग्राम तराईगांव पटवारी हल्का नंबर 18 में मौके पर पहुंचकर गिरदावरी कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होने राजस्व अधिकारियों को क्षेत्र में जाकर गिरदावरी कार्यों का निरीक्षण करने, मौके पर उपलब्ध सभी संरचनाओ का उल्लेख करने और फसलों का सही-सही रकबा इंद्राज करने के निर्देश दिए। उन्होने संबंधित खेत के भूमिस्वामी की उपस्थिति में ही गिरदावरी कार्य करने, मौके पर पंचनामा बनाने तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शामिल करते हुए समय सीमा में गिरदावरी कार्य को पूर्ण करने के दिए। कलेक्टर ने खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में समर्थन मूल्य पर धान और मक्का खरीदी के लिए राज्य शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत किसान पंजीयन और फसलों का रकबा सत्यापन के निर्देश दिए।
कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों से कहा की पिछले खरीफ वर्ष में जिन किसानों से रकबा आदि को लेकर शिकायते मिली थी, उसकी भी जांच कर लें। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पेंड्रारोड श्री पुष्पेंद शर्मा सहित तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, कृषि विभाग के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# महिला चोर गिरोह का प्रेमनगर पुलिस ने किया भांडाफोड, 6 महिला आरोपी गिरफ्तार

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-ग्राम सुमेरपुर रामानुजनगर निवासी फुलबसिया ने थाना प्रेमनगर पुलिस को सूचना दिया कि 5 सितम्बर को बस से अपने घर जाते समय बस में भीड़ था उसके अगल-बगल में करीब 5-6 महिलाएं खड़ी थी जैसे ही प्रेमनगर साप्ताहिक बाजार के पास बस रूकी उसी समय बगल में खड़ी महिलाओं में से एक महिला ने इसके पहने हुए सोने के 2 मोहरों को चोरी कर लिया और बस से उतर कर भागने लगी, हल्ला करने पर ग्रामीणों के सहयोग से उस महिला को पकड़ा गया। मामले की सूचना पर पाकर थाना प्रेमनगर की पुलिस फौरन मौके पर पहुंची और पकड़े गए महिला राधा गिरी पति शिवप्रसाद उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम कोनकोना, थाना बांगो, जिला कोरबा से बारीकी से पूछताछ किया। छताछ पर आरोपी महिला ने बताया कि समूह में एक साथ 5-6 महिलाएं निकलती है और भीड़-भाड़ वाले स्थान में सोने-चांदी के जेवर पहने लोगों पर इनकी निगाहे रहती है, बस में सफर अथवा बाजार में भीड़-भाड़ का फायदा उठाकर धक्का मुक्का कर ध्यान भटकाकर चोरी कर वहां से फरार हो जाते है। पूर्व योजना के मुताबिक जो चोरी करता है उसके पकड़े जाने पर समूह की महिलाएं उसे बचाने के लिए वहां पहुंच जाती है जिससे चोरी की वस्तु को छिपाने का मौका मिल जाता है। चोरी की इस वारदात को अपने 5 महिला साथियों के साथ मिलकर अंजाम देना स्वीकार किया। सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रेमनगर विपिन लकड़ा, एसआई निर्मल प्रसाद राजवाड़े, महिला प्रधान आरक्षक संतोषी वर्मा, आरक्षक बेचू सोलंकी, चंद्रकांत बिजनेर, सोहन सिंह, महिला आरक्षक सविता साहू व सिंधू कुजूर सक्रिय रहे।

# नाबालिक का अपहरण कर किया था दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार


रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर-बिहारपुर-थाना चांदनी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सपहा की नाबालिक लड़की को सर?ईझर मध्य प्रदेश निवासी मुस्तफिज अंसारी ने 25 अगस्त को नाबालिग पीड़िता को बहला-फुसलाकर अपने घर ले जाकर के दुष्कर्म किया काफी खोजबीन के बाद नहीं मिलने पर 1 सितंबर को परिजनों ने थाना चांदनी में रिपोर्ट दर्ज कराई मामले की गंभीरता को देखते हुए परिजनों की रिपोर्ट पर थाना चांदनी के द्वारा तत्काल आरोपी के घर में दबिश देकर लड़की को बरामद किया गया आरोपी विरुद्ध धारा 363 366 376 ( 2 ) ( एन ) भा0द0वि0 4,6 पास्को एक्ट लगाया गया आरोपी मुस्तफिज अंसारी पिता ताजूद्दीन अंसारी को रिपोर्ट होने की भनक लगते ही फरार हो गया जिसे काफी मशक्कत के बाद आजमगढ़ से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक बसंत खलखो सहायक उपनिरीक्षक शशिशेखर तिवारी आरक्षक 532 रविराज पाण्डेय एवं साइबर सेल के आरक्षक रोशन सिंह का आरोपी की गिरफ्तारी में विशेष योगदान रहा।

# गणेशोत्सव के दौरान स्थापित किए गणपति बप्पा की मूर्तियों को भावुक होकर विदाई दी

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-ओड़गी ब्लॉक के ग्राम पंचायत इन्दरपुर में बप्पा के भक्तों ने गणेशोत्सव के दौरान स्थापित किए गणपति बप्पा की मूर्तियों को भावुक होकर सोमवार को विदाई दी। बप्पा को विदाई देने एक दिन पूर्व आनंद चतुर्दशी पर पूरी विधि विधान से पूजा अर्चना की गई और दूसरे दिन भक्तों ने अपने बप्पा को भावुक होकर विदाई दी। साथ ही अगले वर्ष जल्दी आने को न्यौता भी दिया । भक्तों ने डीजे के धुन में थिरकते हुए गणपति बप्पा मोरया,अगले बरस जल्दी आना का जयकारा लगाते हुए पूरे गांव को भक्ति मय बनाकर गणपति बप्पा को विसर्जित किया। विसर्जन के दौरान पूरी सावधानी बरती गयी। गणपति बप्पा का विसर्जन गोखनई नदी में किया। विसर्जन के दौरान भक्तों में काफी उत्साह के साथ थोड़ी मायूसी भी देखी गयी। विदाई करने गए भक्तों में गणेशोत्सव समिति के सदस्य श्याम सुंदर मुकेश जय राम सोनू, सुदामा, रिंकू, रोहित,देवा भोले भोलू दीपू सूरज छोटू कन्हैया गप्पू व भारी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष की पहल पर नगला पतेल क्षेत्र के किसानों को मिले तीन ट्रांसफार्मर किसानों के चेहरे खिले

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कॉल विधानसभा क्षेत्र के गांव नगला पतेल क्षेत्र के किसानों को नए तीन ट्रांसफार्मर दिलवाए कम से कम रात दिन से किसानों की धान की खेती को पानी नहीं मिल रहा था क्षेत्र का एक बहुत बड़ा जत्था किसानों का भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह से मिला किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए ठीक 24 घंटे में तीन ट्रांसफार्मर दिलवाए गए ट्रांसफार्मर आते ही किसानों के चेहरे खिले आज मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह किसानों के बीच पहुंचे उनसे और भी समस्याएं पूछे किसानों ने उनका सम्मान किया भाजपा किसान मोर्चा के नेता ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहा है कि किसानों को बिजली खराब होने पर तुरंत ठीक होनी चाहिए क्षेत्र में किसानों को ट्रांसफार्मर समय से लगने चाहिए किसानों की धान की खेती को पानी की वजह से नुकसान नहीं होना चाहिए बिजली किसानों को ग्रामीण क्षेत्र में पूरी 18 घंटे बिजली चाहिए खराब होने पर तुरंत बिजली मिलनी चाहिए जो सरकार के आदेश है बिजली विभाग के अधिकारी सरकार के आदेश का पालन करें किसानों का उत्पीड़न किसी भी समस्याओं को लेकर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा पूरे जिले का किसान पूरे प्रदेश का किसान पूरे देश का किसान आज भारतीय जनता पार्टी के साथ है क्योंकि किसानों को समय-समय पर पूर्ति हो रही है समस्याओं का हल हो रहा है चाहे वह किसी भी तरह की हो किसानों के मान सम्मान में किसी भी प्रकार की भाजपा के शासन में कमी नहीं हो रही है लेकिन यह अधिकारी किसानों की समस्याओं की तरफ अधिक ध्यान दें क्षेत्र में दौरा करें किसानों की समस्याओं को सुनें विभागों में किसानों से चक्कर ना लगवाएं किसानों की समस्याओं को पूरा करें भाजपा किसान मोर्चा किसानों का संगठन है किसानों के साथ खड़ा हुआ है वहीं लव कुश वीआईपी ठाकुर पत्रकार,जी के आवास पर 2 लाइट की भी स्थापना कराई है सड़क की भी गांव के व्यक्तियों ने समस्या बताएं वही 2 महीने में सड़क बनवाने का आश्वासन दिया है

# भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष की पहल पर नगला पतेल क्षेत्र के किसानों को मिले तीन ट्रांसफार्मर किसानों के चेहरे खिले

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कॉल विधानसभा क्षेत्र के गांव नगला पतेल क्षेत्र के किसानों को नए तीन ट्रांसफार्मर दिलवाए कम से कम रात दिन से किसानों की धान की खेती को पानी नहीं मिल रहा था क्षेत्र का एक बहुत बड़ा जत्था किसानों का भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह से मिला किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए ठीक 24 घंटे में तीन ट्रांसफार्मर दिलवाए गए ट्रांसफार्मर आते ही किसानों के चेहरे खिले आज मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह किसानों के बीच पहुंचे उनसे और भी समस्याएं पूछे किसानों ने उनका सम्मान किया भाजपा किसान मोर्चा के नेता ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहा है कि किसानों को बिजली खराब होने पर तुरंत ठीक होनी चाहिए क्षेत्र में किसानों को ट्रांसफार्मर समय से लगने चाहिए किसानों की धान की खेती को पानी की वजह से नुकसान नहीं होना चाहिए बिजली किसानों को ग्रामीण क्षेत्र में पूरी 18 घंटे बिजली चाहिए खराब होने पर तुरंत बिजली मिलनी चाहिए जो सरकार के आदेश है बिजली विभाग के अधिकारी सरकार के आदेश का पालन करें किसानों का उत्पीड़न किसी भी समस्याओं को लेकर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा पूरे जिले का किसान पूरे प्रदेश का किसान पूरे देश का किसान आज भारतीय जनता पार्टी के साथ है क्योंकि किसानों को समय-समय पर पूर्ति हो रही है समस्याओं का हल हो रहा है चाहे वह किसी भी तरह की हो किसानों के मान सम्मान में किसी भी प्रकार की भाजपा के शासन में कमी नहीं हो रही है लेकिन यह अधिकारी किसानों की समस्याओं की तरफ अधिक ध्यान दें क्षेत्र में दौरा करें किसानों की समस्याओं को सुनें विभागों में किसानों से चक्कर ना लगवाएं किसानों की समस्याओं को पूरा करें भाजपा किसान मोर्चा किसानों का संगठन है किसानों के साथ खड़ा हुआ है वहीं लव कुश वीआईपी ठाकुर पत्रकार,जी के आवास पर 2 शौर ऊर्जा लाइट की स्थापना कराई है सड़क की भी गांव के व्यक्तियों ने समस्या बताएं वही 2 महीने में सड़क बनवाने का आश्वासन दिया है

# किसान देश का अन्नदाता, उनके संघर्षों एवं हितों की लड़ाई आजीवन रहेगी जारी - राजू आर्या

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा - हिन्दुस्तान के सबसे बडे राज्य उत्तर प्रदेश के जनपद एटा में चर्चित एवं कट्टर हिंदूवादी नेता रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्या ने देश के किसानो के हितों के लिए अपने संघर्ष को और अधिक प्रभावशाली रूप देने हेतु अपने प्रयासों को एक उच्च एवं बेहतर माध्यम देते हुए देश के सबसे प्रभावशाली एवं विकराल किसान संगठन भारतीय किसान यूनियन (भानू) को नए सोपान के रूप में चुना है। युवाओ की प्रखर आवाज राजू आर्या ने इसी लक्ष्य को द्रष्टिगत अपने सैकड़ों साथियों के साथ गत दिवस भा. कि. यूनियन( भानू ) का दामन थामा है ! बताते चलें कि इससे पूर्व राजू आर्या भारतीय किसान विकास मंच में उ.प्र., हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड के प्रदेश प्रभारी पद पर रहते हुए अपना त्रिवर्षीय कार्यकाल पूर्ण करने के दौरान किसानों के हितों एवं संघर्षों हेतु अनेकों मौकों पर सूबे के कई सियासतदानों से दो-चार हुए हैं साथ ही क्षेत्रीय कट्टर हिन्दूवादी नेता के रूप में राजू आर्या ने विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री के पद पर रहते हुए जनपदीय एवं मंडलीय क्षेत्र में गौवंश के उत्थान एवं सुरक्षा हेतु कई विशेष अभियान चलाए साथ ही अयोध्या राम मंदिर निर्माण समर्थित कई आंदोलनों में अपने समर्थकों की पूरे दमखम के साथ अगुवाई भी की है। जनपदीय राजनैतिक क्षेत्र में युवा दिलों की धड़कन एवं जनप्रिय नेता राजू आर्या ने अपने राजनैतिक जीवन के शुरुआती पड़ाव में अपनी जीवन संगिनी ममता यादव के साथ बी.डी.सी.पद पर रहते हुए वर्ष 2015 एवं 2018 में मारहरा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के ब्लॉक प्रमुख के विरुद्ध बहुमतीय आंकड़ों के साथ दो बार अविश्वास प्रस्ताव लाकर राजनैतिक पटल पर सूर्य की भांति चमकते हुए चर्चा का विषय बने। इस ख्याति के पश्चात आर्य राजनैतिक विरोधियों द्वारा रैगीत कई षणयंत्रो का शिकार भी हुए। कई शारीरिक हमलों समेत किराये के शार्प-शूटरों द्वारा की गई ताबड़तोड़ गोलीबारी का सामना भी आर्य ने किया किन्तु हौसला खोने की बजाय विरोधियों का डटकर सामना करने का उनका हौसला हर बार बढ़ता ही गया। संवाददाता से वार्ता के दौरान राजू आर्या ने बताया कि भा. कि. यूनियन( भानू ) में शामिल होने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. भानु प्रताप सिहं ने उन्हें गले लगाकर आशीर्वाद दिया है। राजू आर्या ने भा.कि.यूनियन (भानू ) में सम्मिलित होने का अपना सबसे बड़ा प्रेरणा-स्रोत्र संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. भानुप्रताप सिंह के व्यक्तित्व को बताया। राजू आर्या ने कहा कि ऐसा कहना गलत नही होगा कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देश के किसानों के हित, संघर्ष एवं त्याग में उनके साथ लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की भांति अड़िग खड़े हुए हैं।ठा.भानुप्रताप सिंह का सुदृण, प्रखर, परोपकारी एवं परहिते- व्यक्तिव किसी भी व्यक्ति के लिए प्रेरणा का कारण बन सकता है। वार्ता के अंत में आर्या ने कहा कि मैं किसानों, गरीबों और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए लड़ता रहा हूँ और आजीवन निरंतर सतत संघर्ष करता रहूंगा।

## आरबीएसके के अंतर्गत बच्चों को मिल रहा निन्शुल्क इलाज - सीएमओ

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा - जनपद के सकीट ब्लॉक के सफ़ेदपुर गांव निवासी पूनम के पुत्र अयांश को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत नई मुस्कान मिली है। अयांश का क्लेफ्ट लिप का निशुल्क- ऑपरेशन किया गया है। जन्म के समय से ही अयांश का होंठ कटा हुआ था। ऐसे में अयांश के परिवारजन घबरा गए। तब ब्लॉक सकीट आरबीएसके टीम ए से डॉ. दीपक चौहान ने अयांश के माता से बात करके उन्हें आरबीएसके के अंतर्गत मुफ्त ऑपरेशन की जानकारी दी। जिसके बाद इलाज के लिए अयांश का पंजीकरण किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जनपद में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत इस वर्ष अप्रैल से अब 36 बच्चो को इलाज मिल चुका है ये बच्चे 36 विभिन्न जन्मजात विकृति कटे-फटे होठ व तालु , मुड़े हुए पैर आदि वाले हैं इसके अलावा करीब 497 बच्चों को निन्शुल्क चश्मे वितरित किए गए हैं।